भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला

15.09.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18.00 बजे

पुनर्गठन

राज्य सरकार ने कार्यकुशलता बढ़ाने के उद्देश्य से आबकारी व कराधान विभाग का पुनर्गठन किया है। इसके तहत वस्तु व सेवाकर विंग और आबकारी विंग बनाए गए हैं। विभागीय कार्यों को सुव्यस्थित करने और लोगों को बेहतर सेवाएं देने के लिए ये पहल की गई है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला में बताया कि विभाग के प्रत्येक विंग में विशेषज्ञों के होने से कार्यकुशलता में सुधार आने की उम्मीद है। वस्तु व सेवाकर अधिकारी करदाता सेवाओं और राजस्व निगरानी का ध्यान केन्द्रित करेंगे जबकि आबकारी विंग अपने संचालन के सामाजिक प्रभाव को देखते हुए नियामक कार्यों को संभालेगा। उन्होंने कहा कि विभाग के पुनर्गठन के तहत 38 नए पद सृजित किए जाएंगे।

बयान

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि पूर्व भाजपा सरकार की कथित गलत नीतियों के कारण ही प्रदेश की आर्थिक स्थिति खराब हुई है। इन नेताओं ने कहा कि पूर्व सरकार ने अपने कार्यकाल के अंतिम महीनों में राजनीतिक लाभ के लिए कई मुफ्त योजनाओं की शुरूआत की और 9 सौ से अधिक संस्थान खोले जिससे प्रदेश के खजाने पर भारी दबाव पड़ा। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने आर्थिक चुनौतियों से निपटने और कर्ज पर निर्भरता समाप्त करने के लिए कई सुधारात्मक कदम उठाए है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदेश में आर्थिक संकट नहीं है और सरकार हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार सुधार कर रही है।

शहीद

हमीरपुर जिला के नादौन क्षेत्र से संबंध रखने वाले शहीद जवान अरविंद सिंह का आज उनके पैतृक गांव में सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने उन्हें नम आंखों से विदाई दी। वे शुक्रवार को जम्मू कश्मीर में

आंतकियों के साथ हुई मुठभेड़ में शहीद हो गए थे। अरविंद सिंह की शहादत से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।

दूरदर्शन

दूरदर्शन आज 65वीं वर्षगांठ मना रहा है। देश में टेलीविजन प्रसारण की शुरुआत 15 सितंबर 1959 को दूरदर्शन से हुई थी। तत्कालीन राष्ट्रपति डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद ने इसके पहले प्रसारण का उद्घाटन किया था। वर्ष 1975 तक दूरदर्शन, आकाशवाणी का ही हिस्सा था। पहली अप्रैल 1976 को यह सूचना और प्रसारण मंत्रालय का एक अलग विभाग बना और बाद में प्रसार भारती के नियंत्रण में आया। अपनी स्थापना से लेकर अब तक डी.डी. नेशनल ने प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अभूतपूर्व बदलाव देखे हैं और सार्वजनिक सेवा प्रसारण की प्रतिबद्धता बनाए रखी है। अपने विशाल नेटवर्क के आधार पर दूरदर्शन आज भारत का सबसे बड़ा प्रसारक है, जिसकी पहुंच ग्रामीण दर्शकों तक है। दूरदर्शन के छह राष्ट्रीय और 22 क्षेत्रीय चैनलों से चौबीसों घंटे प्रसारण होता है।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने मेलों को प्राचीन संस्कृति के प्रतीक बताते हुए इनके संरक्षण पर बल दिया है। शिमला जिले के ठियोग क्षेत्र में आज रिहाली मेले के समापन पर उन्होंने कहा कि प्रदेश में होने वाले मेले कहीं ना कहीं देव संस्कृति से जुड़े हैं, जिससे इनका महत्व और भी बढ़ जाता है। रोहित ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार दुर्गम क्षेत्रों के विकास को प्राथमिकता दे रही है। विधायक कुलदीप राठौर भी इस दौरान मौजूद रहे।

खेलकूद

चंबा जिले के ककीरा में 14 वर्ष से कम आयु वर्ग की जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आज संपन्न हो गई। समापन अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस दौरान उन्होंने ककीरा विद्यालय के साईंस ब्लॉक का भी उद्घाटन किया। खेलकूद प्रतियोगिता में चंबा जिले के 7 खंडो के करीब 4 सौ खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

## ग्राम सभा

स्वच्छता ही सेवा–2024 के शुभारंभ पर हमीरपुर जिले की सभी 2 सौ 48 ग्राम पंचायतों में आज विशेष ग्राम सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर लोगों ने स्वच्छता से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की और स्वच्छता बनाए रखने की शपथ भी ली। इसके अलावा कई पंचायतों में सफाई अभियान भी चलाया गया और ठोस व तरल कचरा प्रबंधन के लिए व्यापक रणनीति बनाई गई। हमीरपुर जिला ग्रामीण विकास अभिकरण की परियोजना अधिकारी अस्मिता ठाकुर ने बताया की 2 अक्तूबर तक मनाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के दौरान व्यापक सफाई अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया जाएगा।

## मौसम

जनजातीय जिला किन्नौर के मध्यम व निचले क्षेत्रों में बारिश व उंची चोटियों में ताजा बर्फवारी हुई हैं। इससे तापमान में गिरावट के साथ ठंड बढ़ गई हैं। बारिश व ठंड के चलते जिले के बागवानों को सेब तुड़ान को लेकर काफी दिक्कतें आ रही हैं। मौसम विभाग ने राज्य में आगामी 24 घंटों के दौरान भी मौसम के खराब रहने की संभावना जताई है।

..........................................................................................................................